


## घटयात्रा और ध्वजारोहण के साथ सिद्ध चक्र महामंडल विधान शुरू

**उज्जैन।** दिगंबर जैन समाज का अष्टानिका महापर्व मंगलवार से उल्लास के साथ शुरू हो गया है। इसके तहत लक्ष्मी नगर-सेठी नगर स्थित शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में मुनि प्रणीत सागर महाराज के सानिध्य में घट यात्रा, ध्वजारोहण और मंडल शुद्धिकरण के साथ सिद्ध चक्र महामंडल विधान की शुरुआत हुई। यह महापर्व 21 से 29 जुलाई तक मनाया जाएगा।

समाज सचिव सचिन कासलीवाल और मंदिर सचिव सुशील लुहाड़िया ने बताया कि आचार्य विशुद्ध सागर महाराज के शिष्य मुनि प्रणीत सागर महाराज के सानिध्य में प्रतिदिन सुबह 6.30 बजे से कार्यक्रम शुरू हो रहे हैं। पहले दिन घट यात्रा निकाली गई, जिसमें महिलाएं एक जैसे वस्त्र पहनकर सिर पर कलश व झंडा लिए चल रही थीं, वहीं पुरुष वर्ग श्वेत वस्त्रों में शामिल हुआ। घट यात्रा के बाद मुनि के सानिध्य में ध्वजारोहण किया गया। विधानाचार्य ने मंडल शुद्ध कर विधान की स्थापना की, जिसमें चारों दिशाओं में अलग-अलग रंगों की झंडियां लगाकर विधान का सकलीकरण किया गया।



### विधान के लिए मुख्य पात्रों का हुआ चयन

विधान के सुचारू संचालन के लिए मुख्य पात्रों का चयन किया गया। जिसमें सौधर्म इंद्र बोनी रेणु जैन, महेंद्र इंद्र उषा जैन, सनत इंद्र सुशीला संजय सचिन कासलीवाल, ईशान इंद्र शोभा अशोक जैन, यज्ञ नायक कल्पना अनिल जैन ट्रांसपोर्ट और श्रीपाल-मैना सुंदरी देवेंद्र सपना सिंघाई को बनाया गया। आयोजन में शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर ट्रस्ट और चातुर्मास समिति के संयोजक मनोज जैन, सह संयोजक अशोक जैन व लोकेश छाबड़ा, कोषाध्यक्ष धवल दोषी सहित सभी ट्रस्टियों का विशेष सहयोग रहा।

**धर्म लाभ से जीवन होता है सार्थक:** अष्टानिका महापर्व के प्रथम दिन मुनि प्रणीत सागर महाराज ने पर्व, ध्वजारोहण और विधान का महत्व बताया। उन्होंने अपने प्रवचन में कहा कि जो श्रद्धालु इन दिनों के महत्व को समझकर धर्म लाभ लेता है, उसका जीवन सार्थक हो जाता है और उसे सभी क्षेत्रों में उन्नति प्राप्त होती है। विधान में प्रतिदिन भगवान को अर्घ चढ़ाए जाएंगे।

## 190 वां श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन



**महिदपुर।** राम हनुमान चालीसा सामूहिक सेवा मंडल महिदपुर द्वारा घर-घर हनुमान चालीसा का पाठ हो इस उद्देश्य के अंतर्गत 190 वां चालीसा का पाठ केदारेश्वर महादेव मंदिर जेल परिसर पर मंगलवार रात्री को सम्पन्न हुआ। इस चालीस के लाभार्थी सेवा निवृत्त शिक्षक गिरधारी लाल दुआ परिवार रहे। मंदिर पुजारी अंकित रावल ने प्रारंभिक पूजन कराया। गणेश जी के आव्हान गीत को भजन गायक दीपक आंजना ने प्रारंभ किया। भजन गायन प्रकाश शर्मा, अनिल उपाध्याय, चेतन पालीवाल, एडवोकेट अभिषेक चौधरी, नारायण राव ने चालीसा पाठ कराया। हनुमान आरती कराई जा कर केला, बूंदी, चना चुरंजी का प्रसाद आशा तरुण दुआ तथा रक्षा दुआ चारु दुआ ने वितरण किया। समापन पर सभी श्रद्धालुओं का आभार गिरधारीलाल उथरा ने किया। जानकारी भोमलाल गोयल पत्रकार ने दी।

## एक नजर में

### एल्डरमैन का नगर पालिका सभागार में स्वागत



**खाचरौद।** शासन ने नगर पालिका परिषद खाचरौद में नियुक्त एल्डरमैन का नगर पालिका सभागार में स्वागत सत्कार कर शुभकामनाएं प्रेषित की। जानकारी देते हुए नगर पालिका अध्यक्ष ने बताया कि शासन द्वारा नगर पालिका में एल्डरमैन के रूप में अनिल वागरेचा, विनोद चतुर्वेदी, संतोष राठौर, अर्जुन शर्मा, रामकिशन नागर एवं कमला डाबी का स्वागत सत्कार किया तथा नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष दिनेश ठन्ना, मुख्य नपा अधिकारी रवि गुप्ता, पार्षद दशरथ वाक्तारिया, राकेश राठौर, जय जायसवाल, सूर्यप्रकाश शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि राजेन्द्र धाकड़, राहुल मेहता, राधेश्याम बम्बोरिया, संजय नंदेड़ा, बाबू नगर, राजेन्द्र बबलू पण्ड्या सहित बड़ी संख्या में नपा अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### 4 अगस्त को निकलेगी समर्पण कांवड़ यात्रा




**उज्जैन।** आगामी 4 अगस्त को निकलने वाली समर्पण कांवड़ यात्रा को सफल बनाने के लिए बुधवार को समर्पण सेवा समिति की एक वृहद बैठक संपन्न हुई। बैठक में यात्रा संयोजक नारायण यादव ने जयघोष करते हुए सभी लोगों से यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संरक्षण में निकलने वाली यह यात्रा इस वर्ष स्व. ओम अमरनाथ खत्री को समर्पित रहेगी। बैठक में उपस्थित अतिथियों ने कांवड़ यात्रा को भव्य और सफल बनाने पर जोर दिया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष ओम जैन, समिति के वरिष्ठ तपन भौमिक, अध्यक्ष विजय जायसवाल और सचिव राम भागवत प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। समिति सचिव राम भागवत ने बताया कि यात्रा के स्वागत के लिए पूरे शहर में 5000 भगवा ध्वज लगाए जा चुके हैं। बैठक में भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल, महामंत्री कमल बैरवा, उज्जैन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष मुकेश यादव, पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष सोभाग सिंह के साथ उज्जैन दक्षिण के सभी मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र आंजना, सतीश सिंदल, मुकेश पोरवाल, परेश कुलकर्णी, गजेंद्र खत्री और हरीश सोलंकी ने सहभागिता की। इनके अलावा तुषार पंवार, प्रकाश शर्मा, गिरीश जायसवाल, दिनेश जादौन, रमण जायसवाल, जमना यादव और मोहन गुरु सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नगर उपाध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने किया और आभार सचिव राम भागवत ने माना।

### राज्य स्तरीय एयर गन शूटिंग में उज्जैन का दबदबा, बेटियों ने जीता सिल्वर मेडल



**उज्जैन।** इंदौर के एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल में संपन्न हुई 29वीं राज्य स्तरीय एयर राइफल पिस्टल शूटिंग चैंपियनशिप में उज्जैन के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। स्पर्धा में उज्जैन की वेदिका राजावत, भामिनी बंसल और माही की टीम ने 10 मीटर एयर पिस्टल जूनियर वुमन वर्ग में सिल्वर मेडल जीतकर शहर का नाम रोशन किया है। मध्य प्रदेश राइफल एसोसिएशन के तत्वावधान में 14 से 20 जुलाई तक आयोजित इस प्रतियोगिता के अंतिम दिन उज्जैन राइफल एसोसिएशन के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक अपने नाम किए। इस चैंपियनशिप के आधार पर उज्जैन के 10 खिलाड़ियों ने आगामी ऑल इंडिया जीवी मावलंकर शूटिंग चैंपियनशिप और वेस्ट जोन शूटिंग चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया है। क्वालीफाई करने वाले खिलाड़ियों में आशविक नामदेव, आदित्य दुबे, सुयश सोलंकी, पार्थ तोषनीवाल, मुकद्दस खान, खुशी मीना, अभ्युदय सिंह, श्रुति सेन, आशुतोष गंधरा और चित्रांशी लश्करी शामिल हैं। संस्था के प्रशिक्षक अक्षय सिंह और कार्तिक तोमर ने सभी खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बधाई दी है और आगामी प्रतियोगिताओं के लिए नई तैयारियां शुरू कर दी हैं। प्रशिक्षकों ने बताया कि संस्था पिछले 11 सालों से लगातार उज्जैन के खिलाड़ियों को शूटिंग का प्रशिक्षण दे रही है और यहां से अब तक कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी निकल चुके हैं।

## छात्रों ने विवि को दी चेतावनी जांच नहीं हुई तो आंदोलन करेंगे

**उज्जैन।** नागदा के स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय परीक्षा केंद्र पर परीक्षा के दौरान कथित अनियमितताओं और बी.कॉम. द्वितीय वर्ष के परिणाम में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए विद्यार्थियों ने विक्रम विश्वविद्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। छात्रों ने कुलपति के नाम ज्ञापन सौंपकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और बिजनेस स्टेटिक्स विषय की उत्तरपुस्तिकाओं का पुनर्मूल्यांकन कराने की मांग की। विद्यार्थियों का आरोप है कि वर्ष 2025 की बी.कॉम. द्वितीय वर्ष की परीक्षा में शेषशाई कॉलेज एवं वर्धमान कॉलेज, नागदा (दोनों निजी महाविद्यालय) का परीक्षा केंद्र स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय में बनाया गया था। परीक्षा के दौरान शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य एवं निजी कॉलेजों के संचालकों की मिलीभगत से निजी महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को अनुचित लाभ पहुंचाया गया और बड़े स्तर पर नकल करवाई गई। छात्र खुशी ने जानकारी देते हुएबताया कि निजी महाविद्यालयों के प्राध्यापकों की ड्यूटी उन्हीं परीक्षा कक्षों में लगाई गई, जहां उनके अपने कॉलेज के विद्यार्थी परीक्षा दे रहे थे। साथ ही कुछ प्राध्यापकों द्वारा अन्य परीक्षा कक्षों में जाकर वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर भी बताए गए।



कुछ विद्यार्थियों द्वारा मोबाइल फोन के माध्यम से नकल किए जाने के भी आरोप लगाए गए हैं। स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय के नियमित बी.कॉम. द्वितीय वर्ष के छात्र हैं। हाल ही में घोषित परीक्षा परिणाम में बिजनेस स्टेटिक्स विषय में कई विद्यार्थियों को शून्य (00) अंक या ग्रेडिंग मिली है, जो उनके अनुसार अत्यंत संदेहास्पद है। छात्रों का कहना है कि उनकी उत्तरपुस्तिकाओं का निष्पक्ष मूल्यांकन नहीं हुआ, जिससे उनके भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। वहीं जिन निजी महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान कथित रूप से अनुचित सहायता मिली, वे परीक्षा में उत्तीर्ण हो गए। छात्रों की प्रमुख मांगें है की परीक्षा केंद्र के सभी परीक्षा कक्षों, बरामदों एवं अन्य स्थानों के सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित कर उनकी जांच कराई जाए। परीक्षा ड्यूटी पर तैनात सभी प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों की भूमिका की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए।

## आयुर्वेद से मिला नि :संतानता और थायराइड से छुटकारा

**उज्जैन।** पुराने और असाध्य रोगों से परेशान मरीजों के लिए क्षीरसागर स्थित प्रकाश टॉकीज की गली में जायसवाल धर्मशाला में चल रहे पांच दिवसीय निशुल्क नाड़ी परीक्षण एवं परामर्श आयुर्वेद शिविर का मंगलवार को दूसरा दिन रहा। 20 से 24 जुलाई तक चलने वाले इस शिविर में महाकाल वन मेले में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित जबलपुर के आयुर्वेद विशेषज्ञ संतोष आनंद जायसवाल मरीजों का निशुल्क नाड़ी परीक्षण कर उपचार कर रहे हैं। शिविर में सुबह 9 से रात 9 बजे तक सेवाएं दी जा रही हैं। मां दुर्गा वन औषधि संजीवनी अनुसंधान के डायरेक्टर संतोष आनंद जायसवाल पिछले 25 वर्षों से आयुर्वेद के क्षेत्र में सेवाएं दे रहे हैं। शिविर की सबसे बड़ी विशेषता बिना सर्जरी के मात्र पांच मिनट में मस्सा निकालना है। इसके अलावा लीवर, किडनी, पथरी, बवासीर, भगंदर, दमा, थायराइड, मिर्गी, माइग्रेन, साइटिका, लकवा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, गठिया वात, कैंसर और चर्म रोग जैसी गंभीर बीमारियों का इलाज भी किया जा रहा है। महिलाओं की स्वास्थ्य समस्याओं के साथ ही बच्चों की स्मरण शक्ति और आंखों की रोशनी बढ़ाने के लिए विशेष दवाएं भी उपलब्ध हैं। जबलपुर के इंदिरा नगर गुप्तेश्वर निवासी पुलिस विभाग में पदस्थ रिया मरावी ने बताया कि थायराइड बढ़ने के कारण उन्हें गर्भधारण में समस्या आ रही थी।

## ऋषभरत्न विजय ने अरविंद नगर में दिए ओजस्वी प्रवचन

**उज्जैन।** मालवा विभूषण आचार्यदेव श्रीमद् विजय वीररत्नसूरीश्वर की कृपा और आचार्यदेव श्रीमद् विजय पद्मभूषणरत्नसूरीश्वरजी महाराजा के सान्निध्य में चल रहे चातुर्मास के दौरान, बुधवार 22 जुलाई को विशेष धर्मसभा का आयोजन किया गया। जिसमें पंन्यास प्रवर ऋषभरत्नविजय ने टॉनिक ऑफ लाइफ जीवन का वास्तविक टॉनिक विषय पर प्रेरणादायी एवं ओजस्वी प्रवचन दिया। प्रवचन के प्रारंभ में मंगलाचरण एवं गुरुवंदना के साथ धर्मसभा का शुभारंभ हुआ। पूज्य गुरुदेव ऋषभरत्नविजय ने सरल भाषा, प्रेरक उदाहरणों तथा मर्यादित हास्य के माध्यम से समझाया। गुरुदेव ने प्रवचन में बताया कि शरीर को शक्ति देने वाले टॉनिक तो बाजार में आसानी से मिल जाते हैं, लेकिन मन, आत्मा और संपूर्ण जीवन को सशक्त बनाने वाला वास्तविक टॉनिक धर्म, गुरु, साधना, आत्मचिंतन और सकारात्मक दृष्टिकोण है।

**निरंतर भागने से नहीं, आत्मचिंतन से मिलती है सफलता:** पूज्य गुरुदेव ने अनेक प्रेरक प्रसंगों द्वारा स्पष्ट किया कि सफलता केवल निरंतर भागने से नहीं, बल्कि समय-समय पर आत्मचिंतन और आत्मसुधार से प्राप्त होती है। उन्होंने बताया कि आज अधिकांश लोग शारीरिक बीमारियों से ज्यादा मानसिक तनाव, चिंता, क्रोध, ईर्ष्या और असंतोष से ग्रस्त हैं, जिनका स्थायी समाधान केवल आत्मअनुशासन और साधना से ही संभव है।



**जीवन के 5 स्पेशल विटामिन, 7 टॉनिक:** गुरुदेव ने कहा कि जीवन के सात प्रमुख टॉनिक हैं—श्रद्धा, गुरु, साधना, संतोष, सेवा, क्षमा और मुस्कान। साथ ही जीवन के पांच विशेष विटामिन बताते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन को सफल, संतुलित एवं सार्थक बनाते हैं।

**मोबाइल की तरह करें मन की चार्जिंग:** गुरुदेव ने प्रवचन में बताया कि जिस तरह मोबाइल को नियमित चार्ज करना पड़ता है, उसी तरह मन को भी प्रतिदिन नवकार मंत्र, स्वाध्याय, प्रतिक्रमण, सामायिक और गुरुवाणी के माध्यम से आध्यात्मिक ऊर्जा देनी चाहिए।

## भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने नगर पालिका परिषद में एल्डरमैन की नियुक्ति की

**महिदपुर।** भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के शीर्ष नेतृत्व द्वारा जिला अध्यक्ष राजेश धाकड़ की अनुशंसा एवं महिदपुर मण्डल अध्यक्ष उमा पाण्डे की सहमति से नगर के ऊर्जावान एवं समर्पित कार्यकर्ताओं को नगर पालिका परिषद में एल्डरमैन वरिष्ठ पार्षद पद पर नियुक्त किया गया। जिसमें नूतन मिश्रा, सुधीर मूणत, कमल राठी, कैलाश सिसोदिया, राधेश्याम नरवरिया एवं देवेन्द्र उद्धव को नियुक्त किया। नियुक्त किये गये समस्त एल्डरमैन को स्थानीय श्री रणजीत हनुमान चौक पर बाबा के चरणों में फूलमाला अर्पित कर नगर मण्डल एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्पमाला एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर पंकज यादव, दिनेश ग्रोवर, निलेश सोलंकी, निर्भयसिंह भाटी, सतीश यादव, सोनू योगी, अर्जुनसिंह ठाकुर, किशोर वर्मा, नीरज बैरागी, उत्तम प्रजापत अनुराग ठाकुर, रवि यादव, योगेश पोरवाल, मधुसूदन सोलंकी, हितेश सोनी, नन्दलाल सतीजा, सुभाष राठी, भूपेन्द्र गुलाटी, मनीष पोरवाल, कमल बोहरा, संतोष मालवीय, अर्जुन शर्मा, सोनू बैरागी, जय चौहान आदि भाजपा कार्यकर्त्ता ने बधाई देकर हर्ष व्यक्त किया। सभी नियुक्त एल्डरमैन एवं कार्यकर्ता का ग्रुप जिलाध्यक्ष राजेश धाकड़ के निवास नागदा जाकर आभार प्रकट किया। जानकारी अर्जुनसिंह ठाकुर ने दी।





## मधुकर राव बने एल्डरमैन स्वागत किया

**उज्जैन।** मधुकर राव के एल्डरमैन मनोनीत होने पर अनुदीप गंगवार ने बताया कि अब वार्ड 49 सहित पूरे शहर में विभिन्न विकास कार्य प्रमुखता के साथ किए जाएंगे। उनके एल्डरमैन बनने पर समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनका स्वागत किया। इस अवसर पर दुर्गेश जोशी, मनीष जरवाल, नितिन उपाध्याय, आभा कुशवाहा, अजय, वैभव कटियार, अक्षत कटियार, शैलेंद्र दुबे और आकाश राठौर ने स्वागत किया। कार्यक्रम का आभार महेंद्र कटियार ने माना।

## चैना-कुशला माता के 40वें वार्षिकोत्सव पर लखेरा समाज ने निकली शोभायात्रा

- समाज की एकता एवं युवाओं को परंपरा से जोड़ने का दिया संदेश
- देशभर से पहुंचे समाजजन दो दिवसीय धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में हुए शामिल

**उज्जैन।** अब्दलपुर स्थित राधा-कृष्ण मंदिर परिसर में लखेरा समाज द्वारा चैना-कुशला माता के 40वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर दो दिवसीय धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में समाजबंधु एवं पदाधिकारी उज्जैन पहुंचे और कार्यक्रम में सहभागिता की। मंदिर परिसर को आकर्षक विद्युत सज्जा एवं फूलों से सजाया गया, जहां श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम के प्रथम दिवस महिलाओं द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया। भक्ति गीतों की मधुर प्रस्तुतियों पर महिलाएं श्रद्धा एवं उत्साह के साथ झूमती नजर आईं, जिससे पूरे परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा।मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव, उज्जैन विकास प्राधिकरण अध्यक्ष रवि सोलंकी, अखिल भारतीय लखेरा महासभा के मुख्य संरक्षक विष्णु प्रसाद बगड़िया, ईश्वरलाल हाटड़िया तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष जयेश लखेरा उपस्थित रहे। समाज की ओर से सभी अतिथियों का बाबा महाकाल की शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। लखेरा समाज मंडल के अध्यक्ष अजय गेहलोत ने बताया कि कार्यक्रम के दूसरे दिन चैना माता, कुशला माता एवं रूपजी महाराज के पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ भव्य चल समारोह निकाला गया। यह शोभायात्रा मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई पुन: मंदिर के पास समाज की धर्मशाला पर समाप्त हुई। शोभायात्रा में समाज के वरिष्ठजन एकता का संदेश देते हुए शामिल हुए, वहीं युवा भगवान के जयकारों के साथ उत्साहपूर्वक चल रहे थे। शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर चल समारोह का स्वागत किया। उज्जैन लखेरा समाज मुख्य समिति के अध्यक्ष कृष्णालाल थुनिया एवं उपाध्यक्ष रामचंद्र गेहलोत ने देशभर से पधारे अतिथियों एवं समाज के पदाधिकारियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान समाजहित में आयोजित बोलियों का क्रम प्रारंभ हुआ।



**एक नजर** नेक्स्ट-जेन मटेरियल्स फॉर फ्यूचर टेक्नोलॉजी अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन 60 प्रतिभागियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

## आईआईटी की प्रयोगशालाओं में विक्रमादित्य विवि के प्रतिभागियों ने जानी भविष्य की तकनीक

**उज्जैन।** सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में आयोजित नेक्स्ट-जेन मटेरियल्स फॉर फ्यूचर टेक्नोलॉजी अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी एवं फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के दूसरे दिन 60 प्रतिभागियों ने आईआईटी इंदौर का शैक्षणिक और अनुसंधान भ्रमण किया। इस दौरान प्रतिभागियों ने अत्याधुनिक वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं, उच्च स्तरीय अनुसंधान सुविधाओं और आधुनिक उपकरणों की कार्यप्रणाली का प्रत्यक्ष अवलोकन कर शोध के नए आयामों को समझा। इस भ्रमण का नेतृत्व अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन पेअर परियोजना के नोडल ऑफिसर डॉ. उमेश सिंह और फार्मेसी संस्थान के विभागाध्यक्ष प्रो. कमलेश दशोरा ने किया। उल्लेखनीय है कि इस परियोजना का हब आईआईटी इंदौर है और सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय इसका स्पोक संस्थान है। आईआईटी इंदौर में एडवांस मटेरियल प्रमुख डॉ. शैलेश कुंदलवाल ने सभी प्रतिभागियों को विभिन्न अनुसंधान प्रयोगशालाओं और सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी।



**इन प्रयोगशालाओं और अत्याधुनिक उपकरणों का किया अवलोकन:** प्रतिभागियों ने सबसे पहले प्रज्ञान इनोवेशन ट्रांजिट लेबोरेटरी का भ्रमण किया। यहां उन्हें एडवांस्ड मैटेरियल्स तथा हेल्थ एंड मेडिकल टेक्नोलॉजी प्रयोगशालाओं का अवलोकन कराया गया और उपकरणों का प्रत्यक्ष प्रदर्शन किया गया।एडवांस्ड मैटेरियल्स लैब में प्रतिभागियों ने मेटल 3डी प्रिंटर, इलेक्ट्रोस्पिनिंग, केमिकल वेपर डिपोजिशन प्रणाली, प्रोब सोनिकेटर, स्पिन कोटर और सेंट्रीफ्यूज जैसी अत्याधुनिक सुविधाओं को देखा। वहीं कैरेक्टराइजेशन लैब में स्कैनिंग टनलिंग माइक्रोस्कोप, पाईजो रिस्पॉन्स फोर्स माइक्रोस्कोपी, स्पेक्ट्रोफोटोमीटर और कॉन्टैक्ट एंगल मीटर जैसे उपकरणों की कार्यप्रणाली को करीब से समझा। इस दौरान वहां कार्यरत जेआरएफ शोधार्थियों के कार्यों का भी अवलोकन किया गया।

हेल्थ एंड मेडिकल टेक्नोलॉजी लैब में पीसीआर प्रणाली, एचपीएलसी और अन्य जैव-चिकित्सीय अनुसंधान उपकरणों के संचालन की जानकारी दी गई। प्रतिभागियों ने मेकाट्रॉनिक्स लैब में ट्राइबोइलेक्ट्रिक नैनोजेनरेटर और न्यूमेटिक्स आधारित प्रणालियों के औद्योगिक अनुप्रयोगों को जाना।